

## निशा रावल ने काविश की परवरिश को लेकर बयान किया दर्द

टीवी ऐक्ट्रेस और लॉकअप की कंटेस्टेंट रहीं निशा रावल ने 5 साल के बेटे काविश की परविश, सिंगल मदर की जिम्मेदारियों से लेकर अपनी जिंदगी के कई पहलुओं पर खुलकर बातचीत की। निशा रावल ने कहा कि टॉक्सिक परवरिश से अच्छा है कि मैं अपने बेटे काविश की परवरिश अकेले ही करूं। मैं बेटे को दुनियाभर की सब खुशियां देना चाहती हूं। इसीलिए मैं घर और काम दोनों को बैलेंस कर रही हूं। मैं बेटे की बेस्ट परवरिश करना चाहती हूं। निशा रावल ने बेटे की अकेले परवरिश करने को लेकर कहा है कि मेरे पैरेंट्स, मेरा पूरा स्टाफ बेटे काविश को एक बेहतर माहौल देता है। ताकि वह खुश रहे। टॉक्सिक रिलेशनशिप के माहौल से अच्छा है कि मैं अकेले ही बेटे को पालन पोषण करूं। निशा ने कहा कि मैं घर से जब काम के लिए निकलती हूं तो इससे पहले बेटे के साथ टाइम स्पेंड करती हूं और उसे पूरा समय देती हूं। मेरे लिए मदरहुड को जीना एक आशीर्वाद है। मेरा स्टाइफ और मेरी मां बेटे काविश की परवरिश में पूरा सपोर्ट करते हैं। अब मैं सिंगल पेरेंट हूं।

## मन्नत में शाहरुख खान को है सिर्फ एक काम करने की इजाजत

बॉलिवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की तरह ही उनकी वाइफ गौरी खान भी लाइमलाइट में रहती हैं। वो बेहतरीन डिजाइनर हैं। देश की जानी–मानी हस्तियां उनसे अपना घर, ऑफिस या रेस्टोरेंट डिजाइन करवाती हैं। गौरी ने अपना घर मन्नत भी खुद संवारा है। एक–एक सामान वो खुद लेकर आई हैं और उन्हें करीने से सजाया भी है। यही वजह है कि उनके सजाए हुए घर में कोई बाहरी तो क्या खुद शाहरुख खान भी छेड़छाड़ नहीं कर सकते हैं। किसी को भी इसकी इजाजत नहीं है। ऐसा खुद शाहरुख खान ने बताया है। वो दिल्ली में एक इवेंट में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने इसका खुलासा किया है। इस इवेंट में शाहरुख खान का डैपर लुक देख फैंस एक बार फिर उन पर दिल हार बैठे। हर तरफ उनकी ही चर्चा हो रही है। प्रोग्राम के दौरान ैत्ज़ ने अपने घर से जुड़ी चीजों का खुलासा किया। किस तरह से वाइफ गौरी खान घर के डिजाइन में उनको भी छेड़छाड़ करने नहीं देती हैं, घर की चीजें वही खरीद कर लाती हैं.. उन्होंने ये भी बताया कि उनके मन्नत में 11–12 टीवी हैं यानी उनके घर में 30–40 लाख का सिर्फ टीवी ही है। अब ये सुनकर लोगों का दिमाग चकरा गया।

## हंसल मेहता की बीवी सफीना हुसैन गरीब लड़कियों की हैं बड़ी दीदी



फिल्ममेकर हंसल मेहता ने जहां 54 साल की उम्र में शादी करके सबको हैरान कर दिया है, वहीं इंटरनेट पर उनकी वाइफ सफीना हुसैन की चर्चा हो रही है। सफीना हुसैन और हंसल मेहता पिछले 17 साल से लिव–इन में रह रहे थे। शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही हर कोई सफीना हुसैन के बारे में जानना चाहता है। सफीना हुसैन लड़कियों की शिक्षा के लिए काम कर रही हैं। उनकी म्कनबंजम ळपतसे के नाम से एक संस्था भी है। इस संस्था को उन्होंने एक खास मकसद से शुरू किया था, जिसका बीज तब रोपा गया, जब सफीना हुसैन को बचपन में बुरे दौर से गुजरना पड़ा। शोषण सहना पड़ा और गरीबी देखनी पड़ी। सफीना हुसैन ने इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया था। सफीना हुसैन ने अपनी जिंदगी के उन पन्नों से पर्दा उठाया था, जिसके बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं। सफीना हुसैन पॉप्युलर फिल्म और टीवी ऐक्टर यूसुफ हुसैन की बेटी हैं। यूसुफ हुसैन का बीते साल कोविड के कारण निधन हो गया था। सफीना हुसैन को ऐक्टिंग विरासत में मिली थी, लेकिन उन्होंने अपने लिए एक अलग फील्ड चुना। ऐसा फील्ड, जिसमें उनके काम के लिए ढेरों अवॉर्ड्स से नवाजा जा चुका है। इसके जवाब में उन्होंने अपनी तकलीफों और जख्मों से पर्दा हटाया था।

# गिनीज बुक में दर्ज है रितिक रोशन की कहो ना प्यार है का नाम

*हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक ऐसी फिल्म बनी, जिसने 92 अवॉर्ड्स जीते और इसी के दम पर श्गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्सश में जगह बनाई। इस फिल्म का नाम है कहो ना प्यार है, जिसे राकेश रोशन ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म के जरिए रितिक रोशन ने बॉलिवुड में डेब्यू किया था।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है नाम**

कहो ना प्यार है से सिर्फ रितिक रोशन ही नहीं बल्कि अमीषा पटेल ने भी बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म से कई ऐसी मजेदार चीजें जुड़ी हैं, जिसके कारण इसका नाम गिनीज बुक में ही नहीं बल्कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में भी दर्ज है।


**फिल्म ने जीते 92 अवार्ड्स, रातोंरात स्टार बने थे रितिक**

कहो ना प्यार है ने बेस्ट डायरेक्टर से लेकर प्रड्यूसर, तो बेटे रितिक रोशन ने बेस्ट ऐक्टर और बेस्ट डेब्यू का फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता था। कहो ना प्यार है रिलीज होते ही सुपरहिट हो गई। फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता ने रितिक रोशन और अमीषा पटेल को भी रातोंरात स्टार बना दिया था।

**शाहरुख के साथ बननी थी कहो ना प्यार है**

इस फिल्म की सक्सेस का असर न्यू जीलैंड पर भी पड़ा था। दरअसल कहो ना प्यार है की शूटिंग इंग्लैंड में की गई थी। इस वजह से न्यूजीलैंड देशभर के लोगों के बीच खूब पॉप्युलर हो गया था। पर आपको जानकर हैरानी होगी कि राकेश रोशन कहो ना प्यार है को बेटे रितिक रोशन नहीं बल्कि शाहरुख खान के साथ बनाना चाहते थे।रिपोर्ट्स के मुताबिक, राकेश रोशन ने फिल्म की जो कहानी लिखी थी, वह शाहरुख खान को दिमाग में रखकर लिखी थी। लेकिन वह फिल्म का एंड अच्छे से नहीं प्लान कर पाए। तब रितिक रोशन ने पिता राकेश रोशन से कहा था कि वह खान्स के साथ ढेर सारी फिल्में कर चुके हैं और अब उन्हें किसी फ्रेश चेहरे को लेकर फिल्म बनानी चाहिए। तब राकेश रोशन ने वह रोल रितिक रोशन को दिया।





**सलमान ने रितिक की बहुडी बनाने में की मदद**

रितिक रोशन ने इस फिल्म के लिए बॉडी बनाने के लिए सलमान खान से ट्रेनिंग ली थी। ऐक्टिंग डेब्यू करने से पहले रितिक रोशन पापा राकेश को फिल्मों में असिस्ट कर रहे थे। जब रितिक ने कहो ना प्यार है के लिए डबल रोल स्वीकार किया तो बॉडी बनाने के लिए सलमान खान की हेल्प मांगी। रितिक ने सलमान को फोन किया। उन्हें लगा कि शायद सलमान पहचानेंगे नहीं। लेकिन सलमान, रितिक रोशन की रिक्वेस्ट मान गए और बॉडी बनाने में हेल्प की।

**करीना कपूर को मिला था अमीषा वाला रोल**

कहो ना प्यार है अमीषा पटेल के करियर में मील का पत्थर साबित हुई। लेकिन करीना यह फिल्म नहीं छोड़तीं तो शायद ऐसा हो भी नहीं पाता। दरअसल कहो ना प्यार है में अमीषा पटेल वाले रोल के लिए पहले करीना कपूर को साइन किया गया था। करीना की रितिक के साथ इस फिल्म को शूट करते हुए तस्वीरें भी वायरल हुई थीं।

# करण जौहर ने नई ऐक्शन फिल्म का किया ऐलान

*डायरेक्टर करण जौहर ने अपने 50वें बर्थडे पर वादा किया था कि वह कुछ बड़ा सरप्राइज देंगे। तो अब उन्होंने अपना वादा पूरा करते हुए नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। करण जौहर ने बताया कि वह अप्रैल 2023 में बड़ी ऐक्शन फिल्म लेकर आएंगे। अब ये फिल्म क्या होगी, कैसे होगी, क्या टाइटल होगा, कैसी स्टारकास्ट होगी वगैरह वगैरह.. इन सभी सवालों के जवाब फिलहाल करण जौहर ने नहीं दिए हैं। लेकिन जल्द ही वह इस ऐक्शन फिल्म का अपडेट शेयर करेंगे। करण जौहर ने अपने जन्मदिन के मौके पर अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज डेट भी जारी कर दी है।*



करण जौहर ने बर्थडे के मौके पर कहा, मैं 27 सालों से इस इंडस्ट्री का हिस्सा हूं। मैंने बेस्ट अनुभव को महसूस किया है। बेशक वह स्टोरी कहने का तरीका हो या फिर क्रिएटिव कंटेंट बनाने का अंदाज। मैंने इन सालों में कई सपने देखे और पूरे किए है।

**ये है रॉकी और रानी की प्रेम कहानी**

करण जौहर ने बर्थडे पर पोस्ट शेयर किया, मैं फिल्ममेकिंग को लेकर काफी पेशनेट हूं। हां कुछ समय पहले मैंने काफी गैप लिया। लेकिन आज इस खास मौके पर मैं अपनी नई डायरेक्टोरियल फीचर फिल्म का ऐलान कर रहा हूं। श्रॉकी और रानी की प्रेम कहानीश 10 फरवरी 2023 को रिलीज होगी।

**ऐक्शन फिल्म**

करण जौहर ने बताया, मैं नई ऐक्शन फिल्म का अप्रैल 2023 में ऐलान करूंगा। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। सभी जुग जुग जियो। आप सभी का करण जौहर। अब बस फैंस को इंतजार है कि ये ऐक्शन फिल्म कैसी होगी और कौन इस फिल्म में लीड रोल निभाएगा?

**इतने साल बाद डायरेक्टर की कुर्सी संभालेंगे**

बता दें करण जौहर के निर्देशन में बनी आखिरी फिल्म श्ए दिल है मुश्किल हैश थी, जो 2016 में रिलीज हुई थी। 8 साल के बाद करण जौहर ने डायरेक्टर की कुर्सी पर वापसी की। उनकी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, जया बच्चन, धर्मेंद्र और शबाना आजमी समेत कई कलाकार नजर आएंगे।